प्रादेशिक समाचार
02.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग में आयोजित समारोह में आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए 83 हजार सात सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण।

2. श्रीमोदी ने 79 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भी किया शुभारंभ ।

3. नरेंद्र मोदी ने परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा–झामुमो, कांग्रेस और राजद झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा।

4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर झारखंड समेत देशभर में दी गयी श्रद्धांजलि।

5. महालया पर आज रांची समेत राज्यभर में हुए कई कार्यक्रम, कल से वासंतिक नवरात्र की होगी शुरुआत।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग में आयोजित समारोह में आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए 83 हजार सात सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने 79 हजार 150 करोड़ रुपये की लागत से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भी शुभारंभ किया। इस दौरान श्रीमोदी ने 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला भी रखी। विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में श्रीमोदी ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान पर केंद्र सरकार का जोर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य आदिवासी गांवों में समग्र विकास को बढ़ावा देना और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में अहम बदलाव लाना है।

****

इस बीच श्रीमोदी ने पीएम–जनमन के तहत एक हजार तीन साठ करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी कियाा। उन्होंने कहा कि इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और स़ड़क को दुरुस्त किया जायेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग के गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड कें विकास में झामुमो, राजद और कांग्रेस सबसे बड़ी बाधा है।

बता दें कि भाजपा की ओर से राज्यभर में 20 सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की गई थी जिसका आज समापन किया गया।

श्रीमोदी ने झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी और बदलती डेमोग्राफी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग में झारखंड के जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी जननायकों के साथ अन्याय किया है। आजादी की लड़ाई लड़नेवाले आदिवासी नायकों की पहचान मिटा दी। भाजपा सरकार आदिवासी नायकों को सम्मान दिला रही है।

****

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर आज राज्यभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

चतरा जिले के धनखेरी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उधर सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर–दो स्थित वृद्ध शांति निकेतन में समारोह का आयोजन किया गया। जामताड़ा जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जगह–जगह श्रद्धांजलि दी गई। जमशेदपुर में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। वहीं देवघर में भी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गोड्डा में शहर के पुराना समाहरणालय से गाँधी मैदान तक लगभग 3 किमी स्वच्छता मशाल यात्रा निकाली गयी।

****

आकाशवाणी रांची मे स्वच्छता ही सेवा–2024 के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का आज समापन हो गया। 17 सितंबर से आज 2 अक्तूबर तक चले इस अभियान के दौरान कार्यालय परिसर और कार्यस्थल की अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई। आकाशवाणी परिसर में आज आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एस० सी० दूबे ने कार्यालय के सफाई मित्रों को सफाई किट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति श्री दूबे ने कहा की महात्मा गांधी के स्वच्छता के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होने बाहरी स्वच्छता के साथ साथ तन मन और विचारों की स्वच्छता पर ज़ोर दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि द्वारा कार्यालय परिसर मे स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। समापन समारोह में केंद्र प्रमुख डीसी हेंबरम, अभियान के नोडल अधिकारी एपी सिंह, कार्यक्रम प्रमुख पंकज मित्र और बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

****

महालया को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर के कई मंदिरों में महिषासुरमर्दिनी का मंचन किया गया। कल से वासंतिक नवरात्र के साथ दुर्गापूजा की शुरुआत होगी। मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में लोग कलश स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे। कल देवी के पहले स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जायेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महालया के मौके पर देश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

********समाप्त********